# कोठारी प्रोडक्ट्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : "पान पराग हाउस" २४/१६, दि माल, कानपुर-२०८००१
फोन नं. : (0512) 2312171 — 74
ई-मेल : rkgupta@kothariproducts.in, वेबसाइट : http://www.kothariproducts.in
सी-आई-एन : L16008UP1983PLC006254

## 37वीं वार्षिक सामान्य सभा, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग की सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी की 37वीं वार्षिक सामान्य सभा (एजीएम) वृहस्पतिवार दिनांक 30 सितम्बर, 2021 को प्रातः 11:30 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से नोटिस में बताये गये प्रायोजनों हेतु आयोजित की जाएगी। कम्पनी एक्ट, 2013 की धारा 102 के अनुसार नोटिस कम्पनी के सभी सदस्यों, जिनका नाम कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर में दि. 03.09.2021 को दर्ज था, को वस्तुगत तथ्यों के साथ ईमेल के माध्यम से आज, दिनांक 7 सितम्बर 2021 को भेजी जा चुकी है।

कोविड–19 महामारी फैली होने की वजह से मिनिस्टरी ऑफ कार्पोरेट अफेयर्स (एम.सी.ए.) द्वारा जारी परिपत्र दिनांक 8 अप्रैल 2020 सपठित परिपत्र दिनांक 13 अप्रैल 2020, 5 मई 2020 और 13 जनवरी, 2021 और भारतीय प्रतिभूति व नियामक बोर्ड (सेबी) के परिपत्र दिनांक 12 मई 2020 (सामूहिक रूप से **''परिपत्र''**) के अनुसार ए.जी.एम. वीडियो कान्फ्रेंसिंग या अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम से आयोजित करने की अनुमति दी है। इसी अनुसार कंपनी की 37वीं ए.जी.एम. वीडियो कान्फ्रेंसिंग या आडियो विजुअल माध्यम से आयोजित की जायेगी और ए.जी.एम. के स्थान पर आने की जरूरत नहीं होगी। ए.जी.एम. में भाग लेने से सम्बन्धित कायदे व नियम ए.जी.एम. की नोटिस में दिए गये हैं जोकि निम्न लिंक से डाउनलोड किये जा सकते हैं : **www.kothariproducts.in/downloads/ANNUAL%20REPORT%202020-21.pdf** ई–वोटिंग और वीडियो कान्फ्रेंसिंग वास्ते।

उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार 37वीं ए.जी.एम. की नोटिस सभी शेयरधारकों को उनकी रजिस्टर्ड ई–मेल पर भेजी जा चुकी है। ए.जी.एम. की नोटिस कंपनी की वेबसाइट **www.kothariproducts.in** पर अपलोड की जा चुकी है। शेयरधारक नोटिस को स्टॉक एक्सचेन्जों की वेबसाइट **www.bseindia.com** व **www.nseindia.com** पर और नेशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाईट **www.evoting.nsdl.com** से भी प्राप्त की जा सकती है।

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित कम्पनी (प्रबन्धन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 10 और सिक्योरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया (सूचीयन अनिवार्यताऐं एवं प्रकटीकरण अपेक्षाऐं) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुपालन में सदस्यों का रजिस्टर और शेयर अन्तरण पुस्तिका वृहस्पतिवार, 23 सितम्बर, 2021 से वृहस्पतिवार 30 सितम्बर, 2021 तक (दोनों दिवस शामिल) बंद रहेंगी। पूर्वोक्त बंदी कम्पनी की होने वाली वार्षिक आम बैठक के लिए की जा रही है।

कम्पनी एक्ट, 2013 की धारा 108 के सपठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के अनुसार नोटिस में बताये गये प्रायोजन इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा किये जा सकते हैं और कम्पनी अपने समस्त शेयरधारकों को सहर्ष रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही हैं।

इस सम्बन्ध में विवरण निम्नवत् हैं :

1. रिमोट ई–मतदान शुरू करने की तिथि तथा समय : 27 सितम्बर, 2021 (प्रातः 9 बजे)
2. रिमोट ई–मतदान की अंतिम तिथि व समय : 29 सितम्बर, 2021 (सायंकाल 5 बजे)
3. रिमोट ई–मतदान इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से 29 सितम्बर, 2021 सायं 5 बजे के बाद नहीं की जा सकेगी।
4. ई–मतदान की पात्रता निर्धारित करने के लिए कट ऑफ डेट 23 सितम्बर, 2021 है। केवल वही व्यक्ति रिमोट ई–वोटिंग सुविधा और सामान्य बैठक में वोटिंग के पात्र होंगे जिनके नाम कट ऑफ डेट को या तो सदस्य रजिस्टर में हो या डिपॉजिटरी द्वारा चलाये जाने वाले लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज होंगे।
5. कम्पनी का कोई सदस्य जो कि नोटिस के भेजे जाने के बाद किन्तु कट ऑफ डेट से पहले सदस्य बनता है वह रिमोट ई–वोटिंग के लिए यूजर आईडी व पासवर्ड कम्पनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट (RTA) या NSDL से प्राप्त कर सकता है।
6. बैठक में वोटिंग के लिए ई–वोटिंग के माध्यम से वोटिंग की सुविधा उपलब्ध होगी, और बैठक में उपस्थित सदस्य जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग से पहले वोट नहीं दिया है वे बैठक में अपने वोटिंग अधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।
7. सदस्य जिन्होंने बैठक से पूर्व रिमोट ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट कर दिया है, वे भी बैठक में उपस्थित हो सकते हैं किन्तु उन्हें पुनः वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
8. ई–वोटिंग परिणाम स्क्रूटिनाइजर रिपोर्ट के साथ ए.जी.एम. से 3 दिन के अन्दर कम्पनी की उपरोक्त वेबसाइट पर व उपरोक्त स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट पर घोषित कर दिये जायेंगे।
9. ई–मतदान सम्बन्धी किसी भी जानकारी के लिए सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड भाग पर उपलब्ध 'FAQ' तथा ई–वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा फोन नं. 022-24994600 पर एनएसडीएल (NSDL) से सम्पर्क कर सकते हैं।

**कृते कोठारी प्रोडक्टस लिमिटेड**
हस्ताक्षरित
**(राज कुमार गुप्ता)**
कम्पनी सचिव तथा अनुपालन अधिकारी
**FCS - 3281**

स्थान : कानपुर
दिनांक : 7 सितम्बर, 2021